मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 12

**अनुक्रमांक** ........................

**नाम** ............... ......

# 901 801(AB)

## 2022

## हिन्दी

समय : तीन घण्टे 15 मिनट ] [ पूर्णांक : 70

**नोट :** प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं ।

1. क) निम्नलिखित कथनों में से कोई एक कथन सही है, उसे पहचानकर लिखिए : 1

i) प्रेमचन्द एक महाकवि के रूप में प्रसिद्ध हैं।

ii) 'गुनाहों का देवता' उपन्यास के लेखक डॉ० धर्मवीर भारती हैं ।

iii) 'ममता' के लेखक रामधारी सिंह दिनकर हैं ।

iv) 'मित्रता' रामचन्द्र शुक्ल का प्रसिद्ध कहानी संग्रह है ।





ख) निम्नलिखित कृतियों में से किसी **एक** के लेखक का नाम लिखिए : 1

i) सेवा सदन

ii) चन्द्रगुप्त

iii) बर्फ की गुड़िया

iv) अतीत के चलचित्र ।

ग) 'कलम का सिपाही' में किस साहित्यकार का जीवन-परिचय है ? 1

घ) किसी एक एकांकी लेखक का नाम लिखिए । 1

ङ) 'आवारा मसीहा' के रचनाकार कौन हैं ? 1

2. क) छायावाद की **दो** प्रमुख विशेषताएँ लिखिए । 2

ख) रीतिकाल की **दो** प्रमुख प्रवृत्तियों का उल्लेख कीजिए । 2

ग) किसी एक प्रगतिवादी कवि का नाम लिखिए । 1

3. निम्नांकित गद्यांशों में से किसी **एक** गद्यांश के नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2 + 2 + 2

क) <u>कुसंग का ज्वर सबसे भयानक होता है । यह केवल नीति और सद्वृत्ति का ही नाश नहीं करता, बल्कि बुद्धि का भी क्षय करता है</u> । किसी युवा पुरुष की संगति यदि बुरी होगी, तो वह उसके पैरों में बँधी चक्की के समान होगी, जो उसे दिन-दिन अवनति के गड्ढे में गिराती जायगी

और यदि अच्छी होगी तो सहारा देनेवाली बाहु के समान होगी, जो उसे निरन्तर उन्नति की ओर उठाती जायगी ।

i) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए ।

ii) गद्यांश के रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए ।

iii) उपर्युक्त गद्यांश में युवा पुरुष की संगति के सम्बन्ध में लेखक के क्या बताया है ?

ख) पहले पहाड़ काटकर उसे खोखला कर दिया गया फिर उसमें सुन्दर भवन बना लिए गये, जहाँ खम्भों पर हमारी मूरतें विहँस उठीं । भीतर की समूची दीवारें और छतें रगड़ कर चिकनी कर ली गयीं और तब उनकी जमीन पर चित्रों की एक दुनिया ही बसा दी गयी । पहले पलस्तर लगाकर आचार्यों ने उनपर लहराती रेखाओं में चित्रों की काया सिरज दी, फिर उनके चेले कलावन्तों ने उनमें रंग भरकर प्राण फूँक दिये । फिर तो दीवारें उमग उठीं, पहाड़ पुलकित हो उठे ।

i) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए ।

ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए ।

iii) पहाड़ों को किस प्रकार जीवन्त बनाया गया ? गद्यांश के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।





4. **निम्नांकित पद्यांशों में से किसी एक पद्यांश की सन्दर्भ-सहित व्याख्या कीजिए तथा काव्य-सौंदर्य भी स्पष्ट कीजिये :** 1 + 4 + 1

क) सुनि सुन्दर बैन सुधारस-साने, सयानी है जानकी जानी भली ।
तिरछे करि नैन दे सैन तिन्हें समुझाइ कछू मुसकाइ चली ।।
तुलसी तेहि औसर सोहैं सवै अवलोकति लोचन-लाहु अली ।
अनुराग-तड़ाग में भानु उदै बिगसीं मनो मंजुल कंज-कली ।।

ख) सच्चा प्रेम वही है जिसकी
तृप्ति आत्म-बलि पर हो निर्भर ।
त्याग बिना निष्प्राण प्रेम है,
करो प्रेम पर प्राण निछावर ।।
देश-प्रेम वह पुण्य-क्षेत्र है,
अमल असीम त्याग से विलसित ।
आत्मा के विकास में जिसमें,
मनुष्यता होती है विकसित ।।



https://www.evidyarthi.in/

5\. क) निम्नलिखित लेखकों में से किसी **एक** लेखक का जीवन-परिचय दीजिए एवं उनकी किसी एक रचना का नाम लिखिए : 2 + 1

i) डॉ० राजेन्द्र प्रसाद

ii) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

iii) जयशंकर प्रसाद ।

ख) निम्नलिखित कवियों में से किसी **एक** कवि का जीवन-परिचय दीजिए तथा उनकी किसी एक रचना का नाम लिखिए : 2 + 1

i) सूरदास

ii) बिहारीलाल

iii) मैथिलीशरण गुप्त ।

6\. निम्नलिखित संस्कृत-गद्यांश का सन्दर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए : 1 + 3

एषा नगरी भारतीय संस्कृतेः संस्कृतभाषायाश्च केन्द्रस्थलम् अस्ति । इत एव संस्कृतवाङ्मयस्य संस्कृतेश्च आलोकः सर्वत्र प्रसृतः । मुगलयुवराजः दाराशिकोहः अत्रागत्य भारतीय दर्शन-शास्त्राणाम् अध्ययनम् अकरोत् । स तेषां ज्ञानेन तथा प्रभावितः अभवत्, यत् तेन उपनिषदाम् अनुवादः पारसीभाषायां कारितः ।

**अथवा**





बन्धनं मरणं वापि जयो वापि पराजयः ।

उपयत्र समो वीरः वीर भावो हि वीरता ।।

7\. क) अपनी पाठ्यपुस्तक में से कण्ठस्थ किया हुआ कोई **एक** श्लोक लिखिए, जो इस प्रश्न-पत्र में न आया हो । 2

ख) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में लिखिए : 1 + 1

i) वाराणसी कस्याः भाषायाः केन्द्रम् अस्ति ?

ii) चन्द्रशेखरः कः आसीत् ?

iii) भारतीय संस्कृतेः मूलं किम् अस्ति ?

iv) पुरुराजः केन सह युद्धम् अकरोत् ?

8\. क) 'करुण' रस **अथवा** 'हास्य' रस की परिभाषा सोदाहरण लिखिए । 2

ख) 'उपमा' अलंकार **अथवा** 'उत्प्रेक्षा' अलंकार की परिभाषा तथा उदाहरण दीजिए । 2

ग) 'सोरठा' **अथवा** 'रोला' की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए । 2

9. क) निम्नलिखित उपसर्गों में से किन्हीं **तीन** के मेल से एक-एक शब्द बनाइए : 1 + 1 + 1

i) अनु
ii) परि
iii) अभि
iv) अप
v) सु
vi) अधि ।

ख) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रत्ययों का प्रयोग करके एक-एक शब्द बनाइए : 1 + 1

i) पन
ii) आई
iii) वट
iv) हट
v) ता ।

ग) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** में समास-विग्रह कीजिए तथा समास के नाम लिखिए : 1 + 1

i) पाप-पुण्य
ii) नवरत्न
iii) तिरंगा
iv) जलवायु ।





घ) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** शब्दों के तत्सम रूप लिखिए : 1 + 1

i) कपूत
ii) कुआँ
iii) जीरण
iv) दूध
v) चरन ।

ङ) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए : 1 + 1

i) अग्नि
ii) आम
iii) किनारा
iv) पक्षी ।

10. क) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** में सन्धि-विच्छेद कीजिए और सन्धि का नाम लिखिए : 1 + 1

i) प्रत्येकः
ii) पित्राज्ञा
iii) यद्यपि
iv) प्रत्युत्तरम् ।



https://www.evidyarthi.in/

ख) निम्नलिखित शब्दों के षष्ठी विभक्ति का बहुवचन रूप लिखिए : 1 + 1

i) 'मधु' **अथवा** 'नदी'

ii) 'फल' **अथवा** 'मति'

ग) निम्नलिखित में से किसी **एक** की धातु, लकार, पुरुष तथा वचन का उल्लेख कीजिए : 2

i) पठतम्

ii) अहसत

iii) अपठम्

iv) हसामि ।

घ) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद कीजिए : 1 + 1

i) सभी सुखी हों ।

ii) बालिकाएँ खेल रही हैं ।

iii) आकाश को पुस्तक दो ।

iv) वृक्ष से पत्ते गिरते हैं ।

v) भारत हमारा देश है ।





11. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर निबन्ध लिखिए : 6

i) स्वच्छ भारत अभियान

ii) विज्ञान वरदान या अभिशाप

iii) प्रदूषण की समस्या और समाधान

iv) देश-प्रेम

v) जनसंख्या-वृद्धि की समस्या एवं समाधान ।

12. अपने पठित खण्डकाव्य के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी **एक** का उत्तर दीजिए : 3

क) i) 'मुक्ति दूत' खण्डकाव्य के प्रथम सर्ग की कथावस्तु अपने शब्दों में लिखिए ।

ii) 'मुक्ति दूत' खण्डकाव्य के नायक की चारित्रिक विशेषताएँ लिखिए ।

ख) i) 'ज्योति जवाहर' खण्डकाव्य के आधार पर उसके नायक का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

ii) 'ज्योति जवाहर' खण्डकाव्य की कथावस्तु संक्षेप में अपने शब्दों में लिखिए ।

ग) i) 'मेवाड़ मुकुट' खण्डकाव्य के आधार पर उसके नायक का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

ii) 'मेवाड़ मुकुट' खण्डकाव्य के आधार पर द्वितीय सर्ग की कथावस्तु लिखिए ।

घ) i) 'कर्मवीर भरत' खण्डकाव्य के आधार पर भरत की चारित्रिक विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।

ii) 'कर्मवीर भरत' खण्डकाव्य के षष्ठ सर्ग की कथावस्तु अपने शब्दों में लिखिए ।

ङ) i) 'कर्ण' खण्डकाव्य के पंचम सर्ग की कथावस्तु अपने शब्दों में लिखिए ।

ii) 'कर्ण' खण्डकाव्य के नायक का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

च) i) 'तुमुल' खण्डकाव्य के आधार पर काव्य के नायक का चरित्रांकन कीजिए ।

ii) 'तुमुल' खण्डकाव्य के नवम सर्ग की कथावस्तु अपने शब्दों में लिखिए ।





छ) i) 'मातृभूमि के लिए' खण्डकाव्य के प्रथम सर्ग का सारांश अपने शब्दों में लिखिए ।

ii) 'मातृभूमि के लिए' खण्डकाव्य के मुख्य पात्र की चरित्रगत विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।

ज) i) 'अग्रपूजा' खण्डकाव्य के आधार पर उसके नायक का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

ii) 'अग्रपूजा' खण्डकाव्य की कथावस्तु संक्षेप में लिखिए ।

झ) i) 'जय सुभाष' खण्डकाव्य के चतुर्थ सर्ग की कथावस्तु अपने शब्दों में लिखिए ।

ii) 'जय सुभाष' खण्डकाव्य के आधार पर सुभाष चन्द्र बोस का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

**801(AB) - 4,40,000**



https://www.evidyarthi.in/